भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3554
दिनांक 13 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

मध्य प्रदेश में मिशन पोषण 2.0

3554. **श्री दर्शन सिंह चौधरीः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में होशंगाबाद, नरसिंहपुर और रायसेन जिलों सहित मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत अब तक लाभान्वित हुए बच्चों (0-6 वर्ष) और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) उपरोक्त तीन जिलों में कितने आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनवाड़ियों के रूप में उन्नत किया गया है और उनमें से कितनों को अवसंरचना, पोषण और डिजिटल सुविधाएं प्रदान की गई हैं;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि नरसिंहपुर जिले के जनजातीय (आदिवासी) विकास खंडों में कुपोषण की चुनौती अपेक्षाकृत अधिक है; और
(घ) यदि हां, तो क्या ऐसे क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त पोषण निधि, विशेष पैकेज या लक्षित कार्यकलापों का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ): मध्य प्रदेश में मिशन पोषण 2.0 के तहत अब तक लाभान्वित हुए बच्चों (0-6 वर्ष) और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की संख्या, जिलावार, जिसमें होशंगाबाद, नरसिंहपुर और रायसेन जिले शामिल हैं, निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://www.poshantracker.in/statistics.

सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत, वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नयन के लिए दो लाख आंगनवाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। सुदृढ़ और उन्नत बनाया जा रहा है ताकि 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु बेहतर पोषण प्रदान किया जा सके। यह कार्य शिक्षा विकास कार्यक्रमों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए किया जा रहा है। इसके अंतर्गत, बेहतर अवसंरचना सहित अधिक सेवाएं प्रदान/ शामिल की गई हैं जिनमें भारतनेट के माध्यम से जहां भी संभव हो, इंटरनेट/वाईफाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी है, एलईडी स्क्रीन, जल शोधक/आरओ मशीन की स्थापना की गई है, स्मार्ट शिक्षण सहायक उपकरण, ऑडियो-विजुअल सहायक उपकरण और बाल-अनुकूल शिक्षण उपकरण, कलाकृति (शैक्षिक चित्रकला, बच्चों के लिए अभ्यास बोर्ड, सूचना बोर्ड) और दीवार चित्रकला (सफाई, सैंडिंग, मरम्मत) की सहायता से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा प्रदान की जा रही है। मध्य प्रदेश राज्य में 09.03.2026 तक सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नत किए गए आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या **अनुलग्नक** में दी गई है।

पोषण का अर्थ केवल भोजन करना ही नहीं है, बल्कि इसके लिए पोषक तत्वों का उचित पाचन, अवशोषण और चयापचय आवश्यक है। यह प्रक्रिया स्वच्छता, शिक्षा और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता जैसे कारकों से प्रभावित होती है। कुपोषण के समाधान के लिए भोजन, स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता और शिक्षा जैसे बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है, इसलिए कुपोषण की समस्या का समन्वित तरीके से प्रभावी समाधान करना महत्वपूर्ण है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत 18 मंत्रालयों/विभागों के बीच परस्पर समन्वय स्थापित करके इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र को सामान्य लागत साझाकरण के आधार पर धनराशि आवंटित की गई है।

*****

अनुलग्नक

मध्य प्रदेश राज्य में 09.03.2026 तक सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में उन्नत किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या

राज्य का नाम	**कुल स्वीकृत**	**सक्षम आंगनवाड़ियों में उन्नत किए गए आंगनवाड़ी केंद्र**
मध्य प्रदेश	24,662	8,038

*****